Industrial Visit: Hotel Clarks Grand

An Industrial visit was organized by the Department of Hotel Management & Catering Technology Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur for the students of HMCT on 17th Feb'2023 in the Hotel Clarks Grand. In this visit, students observed various departments and explored the departments in detail such as Front Office, Housekeeping, Food & Beverage Services and Food Production (Kitchen), accounts etc.

The General Manager of the Hotel Clarks Grand Mr. Manoj Thapa, motivated the students by briefing about the Hotel Industry, its dynamic scope and opportunities in near future. He also told the students about the hotel's core values, ethics and the working culture of the hotel. The Front office Manager Mr. Indrapal Rai escorted the students towards the reception of the hotel and briefed the students about the tariff, rates, taxes and the various meal plans provided by the hotel. The Executive Chef of the Hotel Mr. Jaswant Rana shared his experiences about the department and took the students to the various sections of kitchen such as Indian section, Continental section, bakery& confectionary. He also enlightened the students speaking about innovation & creativity and about being passionate for work. The departmental head of the Housekeeping department Mr. Sachin escorted them to the various categories of rooms such as deluxe room, superior room and suite rooms to take the real feel of the rooms and he also elaborately explained the amenities provided by the hotel in the room as well as bathroom. By visiting the premises and meeting the Manager's of the Hotel Clarks Grand, students were excited, motivated and enthusiastic to develop their skills and prepare themselves for the Industry. The Industrial visit was led by faculty member Mr. Md Kuresh Khan and Mr. Prasanjeet Singh under the guidance of the Coordinator Dr. Ruchika Singh, Co-coordinator Mr. Deependra M Singh, and Dr. Anupam Singh. Post the visit in the premises of the Hotel Clarks Grand, gratitude and thanksgiving notes was given by the Coordinator Dr. Ruchika Singh mentioning about having a positive and win-win relationship with the Hotel Clarks Grand and the Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University.

होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने होटल क्लार्कस में किया इंडस्ट्रियल विजिट

गोरखपुर। गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को शुक्रवार को इंडस्ट्रियल भ्रमण पर होटल क्लार्कस ग्रैंड ले जाया गया, जहां उन्होनें फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस, फूड प्रोडक्शन तथा अकाउंट्स आदि विभागों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। होटल क्लार्कस ग्रैंड के जनरल मैनेजर मनोज थापा ने विद्यार्थियों को होटल तथा इसके सभी विभागों के बारे में बारीकी से जानकारी दी, इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से विशेष संवाद भी किया। होटल क्लार्कस ग्रैंड के फ्रंट आफिस मैनेजर इंद्रपाल राय ने फ्रंट ऑफिस डिपार्टमेंट का भ्रमण कराया और विद्यार्थियों को रूम रेट, टैक्स व विभिन्न कैटेगरी के रूम के बारे में जानकारी दी। होटल क्लार्कस ग्रैंड के शेफ सेफ जसवंत राणा तथा रजनीकांत त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को किचन से संबंधित बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने मेन किचन, लाइव किचन और सर्विस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। होटल क्लार्कस ग्रैंड के एक्जीक्यूटिव हाउसकीपर सचिन ने विद्यार्थियों को होटल के हाउसकीपिंग विभाग के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह एक उत्साही और अच्छा अनुभव रहा, जिसमें फ्रंट ऑफिस से लेकर किचन तक का व्यावहारिक ज्ञान मिला। विद्यार्थियों के इंडस्ट्रियल विजिट का नेतृत्व होटल मैनेजमेंट के प्राध्यापक प्रसेनजीत सिंह तथा मोहम्मद कुरेश खान ने किया। इस दौरान होटल मैनेजमेंट की समन्वयक डॉ. रूचिका सिंह ने कहा कि कुलपति प्रो. राजेश सिंह द्वारा आरम्भ किए गए इस तरह के रोजगारपरक पाठ्यक्रम पूर्वांचल के विकास में सहभागी सिद्ध होंगे तथा आतिथ्य उद्योग के साथ साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होंगे। पाठयक्रम के सह–समन्वयक दीपेन्द्र मोहन सिंह ने होटल क्लार्कस ग्रैंड के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि होटल तथा विश्वविद्यालय के बीच सदैव से ही सकारात्मक सम्बन्ध रहा है। इस तरह के कार्यक्रम एक दूसरे के लिए सहयोगी सिद्ध होंगे।